# कलेक्टर, एसपी और विधायक के नेतृत्व में तिरंगा रैली

## बाइक पर लहराते राष्ट्रीय ध्वज और भारत माता की जय के उद्घोष ने नगर को देश-प्रेम से किया सराबोर



बाड़ी नगर में घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा को लेकर क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा के नेतृत्व में भव्य झंडा यात्रा निकाली गई.



कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डे की अगुवाई में भव्य तिरंगा बाईक रैली निकाली

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 12 अगस्त. हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को रायसेन में जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डे की अगुवाई में भव्य तिरंगा बाईक रैली निकाली गई. रायसेन नगर की सड़कों पर बाईक में लहराते राष्ट्रीय ध्वज और गूंजते देशभक्ति के गीत व भारत माता की जय के उद्घोष ने वातावरण को देश-प्रेम से सराबोर कर दिया. यह बाईक रैली पुलिस लाईन परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए सागर तिराहा पहुंची, जहां राष्ट्रगान के साथ रैली का समापन हुआ.**

समापन अवसर पर कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत सम्पूर्ण रायसेन जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. इनका उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों के बलिदान को नमन करना और नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम व कर्तव्यनिष्ठा की भावना को जागृत करना है. उन्होंने कहा, तिरंगा हमारी एकता, बलिदान और गौरव का प्रतीक है, इसे सम्मान और गर्व के साथ लहराना हम सबका कर्तव्य है. उन्होंने नागरिकों से आव्हान करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में सभी सहभागी बनें और अपने घर, प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय ध्वज संहिता का पालन करते हुए तिरंगा ध्वज फहराएं. पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डे ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और नागरिकों को संकल्प दिलाया कि हम भारत के नागरिक हैं और तिरंगा हमारा राष्ट्रीय ध्वज है. तिरंगा हमारे देश का गौरव है और हर व्यक्ति में देशभक्ति की भावना जगाता है. हम सत्यनिष्ठा से अपने देश और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने का संकल्प लेते हैं. सभी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के लिए भारत के ध्वज संहिता का पालन करने का भी संकल्प लिया.

बाईक रैली में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार सहित अनेक जिला अधिकारी, कर्मचारी, पुलिसकर्मी, विद्यार्थी और आमजन सम्मिलित हुए.

### बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली



**देवरी.** आज़ादी के अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद एवं बालक हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मंगलवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई. यात्रा की शुरुआत विद्यालय परिसर से हुई, जहाँ छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के जोशीले नारे लगाए. तिरंगा यात्रा विद्यालय से निकलकर मुख्य मार्ग, बस स्टैंड ,बजरिया चौक, आटा मोहल्ला होते हुए पुनः विद्यालय में संपन्न हुई. पूरे नगर में देशभक्ति का माहौल छा गया और भी नगर के लोग भी बच्चों के उत्साह में शामिल हो गए. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष, रविंद्र रघुवंशी, सीएमओ जगदीश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील लोधी, प्राचार्य राजेश बाथम, पार्षद अशोक मामा, पार्षद मनोज सोनी, पार्षद रजनी, पार्षद टीका भनारिया, पार्षद लईक खान, पार्षद लखन, एवं नगर के गणमान्य नागरिक शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का स्टाफ नगर परिषद का स्टाफ, पुलिस विभाग, एवं पत्रकार मौजूद रहे. थाना प्रभारी जयदीप भदोरिया ने बच्चों के उत्साह और देशप्रेम की सराहना करते हुए हर घर पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया. यात्रा के दौरान जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया.

### शिवमंदिर से दिया देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश



मप्र पर्यटन बोर्ड ने सुबह यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की अस्थायी सूची में शामिल रायसेन जिले में स्थित भोजपुर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया. पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, पर्यटन बोर्ड शिवशेखर शुक्ला के निर्देशन में किया गया. इस दौरान विभिन्न कॉलेजों के 100 से अधिक विद्यार्थी व नागरिक शामिल हुए. प्रतिभागियों ने मंदिर परिसर और उसके आसपास फैले निर्माल्य एवं अन्य कचरे का वैज्ञानिक और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन किया. लोगों को गीता के कर्मयोग का संदेश दिया गया, जिससे यह अभियान केवल सफाई तक सीमित न रहकर सामाजिक व आध्यात्मिक जागरूकता का माध्यम भी बना. इस दौरान डॉ. मनोज कुर्मी, सुप्रिटेंडेंट आर्कियोलॉजिस्ट, भोपाल सर्किल, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण व केके सिंह, सलाहकार, साहसिक पर्यटन उपस्थित रहे. उन्होंने प्रतिभागियों को स्वच्छता और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के महत्व पर प्रेरणादायक विचार साझा किए.

### सेना के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा




**बेगमगंज.** जयस्तंभ से विशाल तिरंगा यात्रा पूर्वमंत्री रामपाल सिंह के नेतृत्व में प्रारंभ हुई. सैकड़ों स्टूडेंट्स, खिलाड़ी, भाजपा कार्यकर्ता, पार्षदगण, नगरपालिका कर्मचारी, समाजसेवी एवं पूर्व सैनिक तिरंगा झंडे के साथ सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के स्टूडेंट्स की बैंडबाजा पार्टी एवं मेरी जान तिरंगा है गीत की सुमधुर धुन के साथ मुख्य मार्ग से निकली. तिरंगा रैली के सूत्रधार नपाध्यक्ष संदीप लोधी, एसडीएम सौरभ मिश्रा, तहसीलदार प्रमोद उइके, सीएमओ राजेन्द्र शर्मा, बीईओ राजेन्द्र श्रीवास्तव, प्राचार्या सिस्टर मरीना, प्राचार्य बृजेश सिंह चौहान, थानाप्रभारी राजीव उइके, खेल समन्वयक सुभाष रैकवार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, नगर मंडल अध्यक्ष अजय जाट, जिला प्रतिनिधि कमल साहू, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह तोमर, जिला मीडिया हरि साहू, नगर मीडिया प्रभारी गोविंद गोलू कूड़ारिया सहित सैकड़ों की मौजूदगी रही. संचालक प्रदीप सोनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी. रैली शौर्य स्मारक सांदीपनि विद्यालय मैदान पर पहुंची. जहां भारत माता के जयकारों से गगन गूंज उठा, राष्ट्रगान एवं देश की एकता अखंडता की शपथ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

### हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता की ली शपथ



**गैरतगंज.** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तह नगर में तिरंगा रैली निकाली गई. नगर परिषद द्वारा अनुविभागीय कार्यालय से तिरंगा रैली प्रारंभ हुई, जो विभिन्न मार्गों से होकर निकली. डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया है. इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने मिलकर तिरंगा फहराने और स्वच्छता बनाये रखने की शपथ ली. कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक डॉ प्रभु राम चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष विजय पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई, मंडल अध्यक्ष संजय जैन संजू, नप उपाध्यक्ष अशोक सिह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पल्लवी वैद्य, थाना प्रभारी डीपी लोहिया, सीएमओ सुधीर उपाध्याय, निसार काजी, अनवार खां, सत्यकाम श्रीवास्तव पटवारी कपिल विश्वकर्मा आदि शामिल रहे.

### विधायक के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

**बाड़ी.** घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा को लेकर नगर में झंडा यात्रा निकाली गई. यात्रा भाजपा मंडल कार्यालय से शुरू हो कर मुख्य मार्गों से निकली, जिसमें हजारों लोग तिरंगा लहराते हुए बाइक पर निकले. रैली में सबसे आगे क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा मोटरसाइकिल से निकले. उनके साथ पूरा हुजूम उमड़ा. यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से घूम कर कार्यालय में समापन किया गया. रैली में मुख्य रूप से विधायक के साथ एसडीएम संतोष मुद्गल, जनपद सीईओ दानिश खान, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, मंडल अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, नगर परिषद उपाध्यक्ष सुरेश पाल, अनिल सोनी, बुद्धि नारायण शर्मा, कपिल अहिरवार, तुलाराम कुशवाहा, रघुवीर ठाकुर के अलावा वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र चौहान, अनिल सोनी, सुरेंद्र तिवारी सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता, शासकीय संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य सुमन तिवारी सहित समस्त शिक्षक व छात्र-छात्राएं, शासकीय कर्मचारी, सहकारी संस्था कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में नगर एवं ग्राम के नागरिक उत्साह से शामिल हुए.

## शराब पीने मना करने पर किया कुल्हाड़ी से हमला

### रिश्तेदार के साथ भाई पी रहा था शराब, हाथ हुआ गंभीर जख्मी, मामला दर्ज

**सलामतपुर, 12 अगस्त.** कभी कभी जरा सी बात बोलना भी कुछ लोगों को इतना नागवार होता है कि बात मारपीट तक पहुंच जाती है. ऐसे ही एक मामले में एक भाई ने दूसरे भाई को रिश्तेदारों के साथ शराब पीने से मना किया तो रिश्तेदार को यह बात इतनी नागवार गुजरी की उसने कुल्हाड़ी से हमला कर युवक को लहूलुहान कर दिया. घटना सलामतपुर थाना क्षेत्र के तिजालपुर गांव की है. पुलिस ने फरियादी विपिन यादव पिता हरिप्रसाद यादव निवासी तिजालपुर गांव की रिपोर्ट पर आरोपी राकेश यादव निवासी अमरावत और राजेश यादव निवासी तिजालपुर के विरुद्ध धारा 118(1), 351(3), 3/5 बीएनएस का मामला दर्ज कर जांच में लिया है. थाने के प्रधान आरक्षक मंगलेश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना में घायल हुए अतुल यादव अपने भाई विनोद यादव से मिलने तिजालपुर गांव जा रहे थे. तभी रास्ते में उसका भाई विनोद यादव उनके रिश्तेदार राजेश यादव और राकेश यादव के साथ शराब पार्टी करते हुए मिल गया. अतुल ने विनोद से कहा कि तुम इनके साथ यहां शराब क्यों पी रहे हो. इतना सुनते ही राजेश यादव डंडा उठा लाया और राकेश यादव ने गुस्से में धारदार हथियार से अतुल के हाथ पर हमला कर दिया.

## सौतेले बाप ने किया बेटी के साथ दुष्कृत्य

**सिलवानी.** बम्होरी थाना क्षेत्र के एक ग्राम में पिता ने अपनी 13 वर्षीय नाबालिक सौतेली बेटी के साथ पिछले पांच माह से दुष्कृत्य कर रहा था. मंगलवार को बेटी की तबियत खराब होने पर उसकी मां उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्होरी लेकर पहुंची, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सिविल हॉस्पिटल सिलवानी रैफर किया गया. डॉक्टर ने जांच कर बेटी को पांच माह का गर्भवती बताने पर घटना का खुलासा हुआ.

## दिनदहाड़े बैंक में लूट का प्रयास

### 40 हजार फेंककर बाइक से फरार हुआ बदमाश

**सिलवानी, 12 अगस्त.** मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे स्टेट हाईवे-44 भोपाल रोड पर स्थित मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक में उस समय अफरा तफरी मच गई जब बाइक सवार दो बदमाश अंदर घुस आए और पैसे जमा करने आए ग्राहक से 40 हजार लूटने का प्रयास करने लगे. ग्राम सिंगौटा निवासी सूरज जाटव पैसे जमा करने पर्ची भर रहा था, तभी एक बदमाश ने झूमाझटकी कर पैसा छीना और साथी के साथ बाहर भागने लगा. चीख पुकार सुनते ही बैंक के बाहर मौजूद लोगों ने पीछा किया. भीड़ को करीब आता देख बदमाशों ने 40 हजार सड़क पर फेंका और बाइक से फरार हो गए. गनीमत रही कि रकम वापस मिल गई, लेकिन घटना ने बैंक सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी. थाना प्रभारी पूनम सविता ने बताया कि सुरक्षा दृष्टि से घटना की जानकारी मिलने पर बैंक का निरीक्षण किया गया है.

## शिक्षा जिहाद मामले ने पकड़ा तूल, स्कूल को भेजा नोटिस



### विद्यार्थी परिषद ने किया कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव, सौंपा ज्ञापन

**रायसेन, 12 अगस्त. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं ने मंगलवार को दोपहर को शिक्षा जिहाद के मामले ने तूल पकड़ लिया है.**

विद्यार्थी परिषद के विभाग जिला संयोजक अश्वनी पटेल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर बेबी कान्वेंट स्कूल की मान्यता समाप्त करने पर अड़े रहे. प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है. शहर के बेबी कान्वेंट स्कूल रायसेन के वार्ड 3 मढ़ईपुरा में स्कूल संचालक द्वारा मुस्लिम इस्लामीकरण की शिक्षा दी जा रही थी. स्कूल में बच्चों को क से कावा, न से नमाज और शिक्षा जिहाद मुस्लिम शिक्षा दिए जाने का मामला काफी गरमा गया. डीईओ डीडी रजक ने भी बेबी कान्वेंट स्कूल के संचालक को 3 दिन के भीतर नोटिस का जबाव देने को कहा गया है.

**नुकसान** सरकार की ओर टिकी किसानों की उम्मीदें, तहसील में तेज और लगातार बारिश ने किसानों की महीनों की मेहनत पर फेर दिया पानी

## अतिवृष्टि से तुअर, सोयाबीन और धान की फसलें हुई चौपट

**सिलवानी, 12 अगस्त. सिलवानी तहसील में पिछले सप्ताह के दौरान हुई तेज़ और लगातार बारिश ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया है. खेतों में खड़ी तुअर, सोयाबीन उड़द और धान की फसलें जलभराव के कारण बर्बादी की कगार पर पहुंच गई हैं. कई स्थानों पर पानी लंबे समय तक खेतों में भरा रहने से पौधों के सड़ने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिससे उत्पादन नहो होगा है.**



सबसे ज़्यादा असर ग्राम बूढ़ा में देखने को मिला है. यहां के अधिकांश खेत पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं. स्थानीय किसानों के अनुसार, धान की बालियों पर रोग लगने के लक्षण स्पष्ट हैं, वहीं तुअर और सोयाबीन की फलियां काली पड़कर खराब हो रही हैं. जिन क्षेत्रों में फसलें अभी खड़ी हैं, वहां भी अगले कुछ दिनों में नुकसान बढ़ने की आशंका है. ग्राम बूढ़ा के किसान का कहना है कि इस सीज़न में अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन अतिवृष्टि ने सब खत्म कर दिया. उन्होंने बताया कि खेती में लगाया गया कर्ज़ और श्रम, दोनों ही डूब चुके हैं. वहीं महेश लोधी ने कहा कि खेत में पानी का स्तर इतना है कि मशीन या श्रमिक, कोई भी कटाई संभव नहीं है. गांव के बुजुर्ग किसान ने बताया कि उन्होंने पिछले कई वर्षों में इस स्तर की क्षति नहीं देखी. उनके अनुसार, यदि तुरंत सरकारी मदद नहीं मिली, तो अगली रबी सीज़न की बुवाई प्रभावित होगी. किसानों की मुख्य मांग है कि प्रशासन तत्काल सर्वेक्षण कर नुकसान का सही आकलन करे और राहत पैकेज घोषित करे. फसल बीमा योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को तुरंत भुगतान, खाद-बीज पर विशेष सब्सिडी और कर्ज़ में छूट जैसी सहायता की भी आवश्यकता है. किसान मान सिंह प्रजापति और सतीश कौरव ने बताया कि अतिवृष्टि से हुई इस क्षति ने न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को कमजोर किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र की कृषि व्यवस्था पर भी गंभीर असर डाला है. ग्रामीण अब इंतजार कर रहे हैं कि उनकी पुकार कितनी जल्दी शासन-प्रशासन तक पहुंचती है.

> निश्चित तौर हम ग्राम बूढ़ा के किसानों के साथ खड़े हैं सर्वे टीम पहुंचाई जाएगी.
>
> **- अरुण विश्वकर्मा,** कलेक्टर
>
> हमारे गांव में सन 1984 में ऐसी बाढ़ आई थी जो अब आई है किसने की धन तुवर उड़द सोयाबीन सब नष्ट हो गया है कम से कम 100 से 150 एकड़ जमीन की फसल नष्ट हो गई.
>
> **- जंडेल सिंह,** किसान ग्राम बूढा
>
> बेगम नदी में आई बाढ़ की वजह से हमारे ग्राम बूढा के किसानों की फैसले नष्ट हो गई मेरी खुद की 5 एकड़ की धान गल गई.
>
> **- दीपक रघुवंशी,** किसान बूढा

## दिनदहाड़े दुकान में चोरी

**सिलवानी.** सिलवानी-बरेली मार्ग स्थित स्टेट हाईवे-15 पर मंगलवार को दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है. अज्ञात चोर ने अनाज व्यापारी अजय जैन की दुकान रोहित ट्रेडर्स को निशाना बनाते हुए काउंटर से 18 हजार रुपये चुरा लिए. चोर की यह करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. घटना उस समय हुई जब व्यापारी अजय जैन किसी कार्यवश दुकान से कुछ समय के लिए बाहर गए हुए थे.

## कार ने मारी टक्कर

**सलामतपुर.** हलाली डेम रोड पर त्यौहार मनाकर घर लौट रहे परिवार की मोटरसाइकिल में तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दी. जिसकी वजह से तीन लोगों को गंभीर चोटें आ गईं. कार चालक टक्कर मारने के बाद मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया. वहीं घायलों को पहले सांची सिविल अस्पताल भेजा गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर सभी को विदिशा रेफर किया गया है.